शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध

संख्या– /अठ्ठासी–09–27खा/96

प्रेषक,

एस0के0द्विवेदी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आयुक्त,
खाद्य एवं औषधि प्रशासन,
उ0प्र0, लखनऊ।

खाद्य एवं औषधि नियंत्रण अनुभाग लखनऊ:दिनांक 07 नवम्बर, 2009

विषय– मुख्य खाद्य निरीक्षकों की पदोन्नति हेतु पात्रता सूची एवं वार्षिक गोपनीय प्रविष्टियॉ उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मुख्य खाद्य निरीक्षकों के वर्तमान में सृजित कुल 72 पदों के सापेक्ष 23 पद भरे हुये है शेष 49 रिक्त पदों को पदोन्नति के माध्यम से भरा जाना है। मुख्य खाद्य निरीक्षकों के रिक्त 49 पदों में से रोस्टर के अनुसार आरक्षित वर्ग के 10 पद एवं अनारक्षित वर्ग के 39 पद बनते है।

2– आपसे अनुरोध है कि कृपया उक्त रिक्त पदों पर पदोन्नति हेतु पात्रता सूची तैयार कराकर संलग्न विवरण के अनुसार खाद्य निरीक्षकों की अप्राप्त वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि शासन को एक सप्ताह के अन्दर अवश्य उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक : यथोपरि।

भवदीय

(एस0के0द्विवेदी)
विशेष सचिव।

संख्या–2691 (1)/88–09–तददिनांक

✓प्रतिलिपि संयुक्त आयुक्त (खाद्य), खाद्य एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0, लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

(एस0के0द्विवेदी)
विशेष सचिव।